its Report within the next few weeks. It is premature to indicate whether consultation of the type referred to in the question is necessary.

(c) to (e) Reserve Bank of India has not made any proposal in this regard. It is the RBI which maintains a panel of brokers approved by it for dealings with it in Government securities. If any adverse activities of any broker comes to the notice of the RBI, the names of the broker is de-listed by the RBI due after consideration.

भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में लिपिकों और टंककों के रिक्त पद

2829. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय रिजर्व बैंक की नई दिल्ली शाखा में मार्च, 1988 से 30 जून, 1992 तक कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने, कार्यभार के बढ़ जाने और अन्य कारणों से लिपिकों, नोट/सिक्का परीक्षकों, अंग्रेजी टंककों और हिन्दी टंककों के प्रत्येक श्रेणी में कितने-कितने पद रिक्त पड़े हैं ;

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक की नई दिल्ली शाखा में जून 1992 से पहले नियुक्त ऐसे कितने टंकक हैं जो हर दृष्टि से लिपिक और नोट/सिक्का परीक्षक, के पदों पर परिवर्तन की पात्रता प्राप्त कर चुके हैं किन्तु जिन्हें अभी तक लिपिक अथवा नोट/सिक्का परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं किया गया है ;

(ग) उपरोक्त श्रेणियों के रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(घ) क्या इस अवधि के दौरान इन श्रेणियों के पदों पर कोई नियुक्तियां कर ली गई हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : भारतीय रिजर्व बैंक ने निम्नानुसार सूचना दी है :-

(क) और ( ) मार्च, 1988 से जून 1992 तक की अवधि के दौरान लिपिक ग्रेड II/सिक्का-नोट परीक्षक ग्रेड II के 205 पद और टाइपिस्टों के 12 पद भर लिए गए हैं, जिसमें सेवानिवृत्तियों और अन्य कारणों से होने वाली रिक्तियां भी शामिल हैं ;

(ख) ऐसे सात पात्र टाइपिस्ट हैं, जो लिपिक ग्रेड II/सिक्का-नोट परीक्षक ग्रेड-II के संवर्ग में स्विच ओवर की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।

(ग) बैंक के केंद्रीय कार्यालय में स्टाफ की आवश्यकताओं के बारे में आवधिक समीक्षा की जाती है और बैंक के नई दिल्ली कार्यालय में काम के कुल भार को ध्यान में रखने के बाद वास्तविक आवश्यकता के आधार पर पदों के भरने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

Restructuring of NRI Deposit Schemes

2830. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that NRI deposit schemes are being restructured; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) No, Madam.

(b) Does not arise.

Arrest of a Finance Ministry Officer by CBI

2831. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether an official of his Ministry has ben arrested by CBI for allegedly leaking some valuable information regarding the Asea Brown Bovery Electric Locomotive deal;